हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

13 ठेंगाभाठ में वीबी जी राम जी को लेकर चला भाजपा का जागरुकता ...



12 अंगना में शिक्षा जिला स्तरीय कोर टीम का किया गया...



खबर संक्षेप

## शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण और किया गया रक्तदान



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय के समीप ग्राम पथर्रा स्थित बायोटेक फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में स्वास्थ्य जांच एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सामाजिक दायित्व के तहत आयोजित इस शिविर में 50 से अधिक लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, वहीं 17 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृतलाल रोहड़ेकर एवं सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू के निर्देशन में आयोजित किया गया। प्रभारी रक्त संक्रमण अधिकारी डॉ. पी.आर. पोपटानी की उपस्थिति में जिला अस्पताल की टीम ने रक्त संग्रहण की प्रक्रिया पूरी की। शिविर में उपस्थित चिकित्सकीय दल ने रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक मानकों की जांच के बाद ही रक्तदान कराया। कार्यक्रम में प्लांट इंचार्ज उमेश देवांगन एवं पीआर मैनेजर प्रवीण कुमार साहू सहित एमएलटी भूपेंद्र कुर्रे, हरिशंकर, धनु वर्मा, काउंसलर कुलेश्वरी साहू, विनेश्वर जयवाल तथा वाहन चालक कृष्ण कुमार वर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई। रक्तदान करने वालों में श्रीकांत साहू, आदित्य शर्मा, शिशिर कुमार नंदा, अक्षय साहू, गोपाल दास, विकास बंजारे, वेद प्रकाश देवांगन, दिलेन्द्र देवांगन

शेष पेज 12 पर

# थानखम्हरिया में होली की रौनक, बाजारों में बढ़ी चहल-पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

रंगों के पर्व होली को लेकर नगर में उत्साह चरम पर है। होली का खुशनुमा माहौल बाजारों में साफ झलकने लगा है। इस वर्ष होली 4 मार्च को मनाई जाएगी, जिसे देखते हुए बाजारों में रंग, गुलाल और पिचकारियों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी है।

■ चौपाटी में हर शाम सज रही फाग गीतों की महफिल

नगर के चौपाटी क्षेत्र में प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक फाग गीतों का आयोजन किया जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर पारंपरिक फाग गीतों का आनंद ले रहे हैं। बाजारों में बच्चों के लिए आकर्षक मुखौटे, रंग-बिरंगे विग, स्टाइलिश चश्मे और गुलाल की आतिशबाजी जैसी सामग्री उपलब्ध है। पिचकारियां 20 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की विभिन्न श्रेणियों में बिक रही हैं। स्थानीय दुकानदारों ने इस बार अच्छे व्यापार की उम्मीद जताई है। संदीप सिंघानिया, डोंगरमल जैन, मुकेश जोशी, दीपक बंसल, शिवम गिफ्ट सेंटर, हिमांशु देवांगन, रजनीश त्रिपाठी और दाऊद खान ने बताया कि होली को लेकर बाजार में रोजाना भीड़ बढ़ रही है और बिक्री में तेजी आने की संभावना है।

## रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानों पर उमड़ रही भीड़




### फाग गीतों की महफिल में सराबोर हुए श्रोता

स्वर्गीय पुरुषोत्तम अग्रवाल फाउंडेशन के तत्वावधान में नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल के नेतृत्व में चौपाटी में फाग गीतों का आयोजन किया जा रहा है। विगत दो दिनों से लगातार चल रहे इस आयोजन में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। फाग गायकों की मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो गया। ढोलक और मंजीरे की थाप पर गूंजते होली गीतों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन रामसनेही नामदेव द्वारा किया जा रहा है। आयोजक चंदन अग्रवाल ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन समाज में समरसता और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं।

कार्रवाई

**'तोड़फोड़' पर हाईकोर्ट सख्त, तीन हफ्ते में जवाब तलब**

# मारो नपं तोड़फोड़ मामले में कलेक्टर-सीएमओ सहित पांच अधिकारियों को अवमानना नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मारो/नवागढ़/बेमेतरा

मारो नगर पंचायत में 9 फरवरी को दुकानों पर चली प्रशासनिक कार्रवाई अब खुद प्रशासन के लिए परेशानी का कारण बनती नजर आ रही है। दुकान तोड़फोड़ मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट, बिलासपुर ने सख्ती दिखाते हुए बेमेतरा कलेक्टर, नगर पंचायत मारो के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ), नगर पंचायत अध्यक्ष समेत पांच जिम्मेदार अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

हाईकोर्ट ने 25 फरवरी को सुनवाई करते हुए प्रतिवादियों को तीन सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने मामले को तीन सप्ताह बाद पुनः सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। फिलहाल मामला लंबित है, लेकिन कोर्ट के इस रुख से प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

### डबल बेंच के आदेश की अनदेखी का आरोप

याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता भरत सिंह राजपूत के अनुसार, इस मामले में पहले हाईकोर्ट की डबल बेंच द्वारा निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन नगर पंचायत प्रशासन ने उन निर्देशों का पालन नहीं किया। आरोप है कि आदेश के बावजूद दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया, जिसे न्यायालय की अवमानना माना गया। इसी आधार पर न्यायालय ने नगर पंचायत मारो के सीएमओ आर.एल. सुधाकर, बेमेतरा कलेक्टर, नगर पंचायत अध्यक्ष मारो, नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव सहित पांच अधिकारियों को नोटिस जारी किया है।



### पीड़ित बोले- रोजी-रोटी पर चला बुलडोजर

मामले के प्रमुख याचिकाकर्ता जितेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि बिना पर्याप्त सूचना और वैकल्पिक व्यवस्था के उनकी दुकान तोड़ दी गई। इससे उनका रोजगार पूरी तरह प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि "नियम-कानून की बात करने वाले ही नियम भूल गए, मजबूर होकर न्यायालय की शरण लेनी पड़ी।तिवारी ने न्यायपालिका पर भरोसा जताते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि प्रभावितों को न्याय मिलेगा। **अब प्रशासन की बारी:** हाईकोर्ट के नोटिस के बाद अब संबंधित अधिकारियों को तय समय सीमा में अपना पक्ष रखना होगा। तीन सप्ताह बाद होने वाली अगली सुनवाई में कोर्ट जवाबों की समीक्षा करेगा। स्थानीय स्तर पर लोग अब यह चर्चा करते नजर आ रहे हैं कि नियमों का पालन कराने निकले प्रशासन को अब खुद नियमों का जवाब देना पड़ रहा है।

### 35 प्रभावितों ने खटखटाया कोर्ट का दरवाजा

नगर पंचायत मारो में हुई कार्रवाई से प्रभावित जितेन्द्र कुमार तिवारी, दिलीप सिंह ठाकुर, गजेन्द्र पांडेय, राजा सिंह गुंबर, मनोज सिंह गुंबर, त्रिलोक सिंह, शिवपाल साहू, बसंत गुप्ता, देवचरन साहू, अरविंद सिंह ठाकुर, रविकुमार सोनी, सुरेश कुमार पाटिल, भोला श्रीवास, विजय कुमार सहित कुल 35 लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कार्रवाई को अवैधानिक बताया। प्रभावितों का आरोप है कि प्रशासन ने बिना उचित प्रक्रिया अपनाए उनकी दुकानों को तोड़ दिया, जिससे उनका रोजगार प्रभावित हुआ।

# होली से पहले जिले के किसानों के खातों में 631 करोड़ की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

होली पर्व से ठीक पहले जिले के किसानों को बड़ी आर्थिक राहत मिलने जा रही है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बाद अब 'कृषक उन्नति योजना' के तहत आज शनिवार 28 फरवरी जिले के 1 लाख 54 हजार 995 किसानों के बैंक खातों में कुल 631 करोड़ 30 लाख रुपये की आदान बोनस सहायता राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से अंतरित की जाएगी। राशि अंतरण से पहले ही किसानों में उत्साह का माहौल है, क्योंकि यह रकम त्योहारी सीजन में खेती-किसानी और पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने में सहायक होगी।

शेष पेज 12 पर

■ 'कृषक उन्नति योजना' के तहत 1.54 लाख किसानों को आदान बोनस का सीधा लाभ



### किसानों को मिल रहा पूरी राशि का लाभ

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार आदान सहायता राशि सीधे किसानों के खातों में पहुंचने से बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है और किसानों को पूरी राशि का लाभ मिल रहा है। प्रदेश स्तर पर भी यह योजना बड़े पैमाने पर लागू की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा 25 लाख 28 हजार से अधिक पंजीकृत धान एवं धान बीज उत्पादक किसानों को कुल 10,324 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे खातों में अंतरित की जाएगी ।



## खबर संक्षेप

### पंचायत प्रतिनिधियों की मनमानी से जनता परेशान, शिकायत

**दुर्ग।** ग्राम पंचायत बोरी के ग्रामीणों ने प्रतिनिधियों पर मनमानी का आरोप लगाया है। इसे लेकर कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत भी की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के सचिव अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कार्य कर रहे हैं। लोगों से दुर्व्यवहार कर रहे हैं। पंचायत संबंधित कुछ भी जानकारी देने से मना करना, स्कूली बच्चों की जाति, निवास प्रतिवेदन में लेट लतीफ करते हैं। उनके पास दो-दो बड़े पंचायत का प्रभार है। इसके चलते ग्रामीणों का काम अच्छे से नहीं हो पा रहा है। सप्ताह में दो से तीन दिन बैठते हैं। उनका समय, तारीख तय नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि बोरी पंचायत बड़ा पंचायत है। यहां प्रभारी सचिव नहीं स्वतंत्र सचिव का जरूरत है। शिकायत करने वालो में ग्रामीण पोषण सेन, जितेंद्र यादव, कुलदीप देशमुख, विकास देशमुख, दुष्यंत देशमुख, सीताराम देशमुख, हेमकरण यादव, देवराज निषाद, भानुप्रताप निषाद, यशवंत निषाद, प्रमिला निषाद, पीलू निषाद, सीमा निषाद, सौहाद्रा यादव सहित अन्य शामिल हैं।

### डॉ. मनोज भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक नियुक्त



**भिलाई।** दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की सहमति से डॉ. मनोज ठाकरे को दुर्ग जिला भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. ठाकरे 30 वर्षों से भाजपा में सक्रिय भागीदारी दे रहे हैं। उनका सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान रहा है। नियुक्ति पर राजेंद्र सुंदगरिया, प्रशांत क्षीरसागर, हितेश तिवारी, नरेंद्र राठौड़, बालू राम वर्मा, नीति चौरसिया, विवेकानंद समिति के दीपक मिश्रा, किशोर कनोजे, आशा वैद्य अरुण सावरकर, सरिता शर्मा, पार्षद सविता डवस, डॉ. लक्ष्यपद, डॉ. निर्मला गुप्ता, डॉ. मेघराज साहू, डॉ. प्रमोद नामदेव आदि ने हर्ष जताया है।

### स्पर्धा में भाग लेगी दुर्ग की क्रासकंट्री महिला टीम

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की क्रासकंट्री महिला मैग्लोर विश्वविद्यालय कर्नाटका में 27 फरवरी को आयोजित ऑल इंडिया अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए। टीम के खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ. संजय तिवारी और कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने अच्छे प्रदर्शन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रैकसूट, ड्रेस और जूता प्रदान किया गया। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रासकंट्री महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित कराया गया।

# दुर्ग को मिलेगा नया फ्लाईओवर, संगीत महाविद्यालय और आधुनिक सर्किट हाउस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही कई बड़े कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। छत्तीसगढ़ शासन के वित्तीय बजट 2026-27 में इन कामों को शामिल किया गया है।

उनमें नया फ्लाईओवर, संगीत महाविद्यालय और आधुनिक सर्किट हाउस जैसे कार्य शामिल है। इसे लेकर शिक्षामंत्री और दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्तमंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि वे लगातार जनसंपर्क के माध्यम से जनता की समस्याएं सुनते रहे हैं और उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।

**शिक्षामंत्री यादव ने मुख्यमंत्री साय और वित्तमंत्री चौधरी का जताया आभार**

#### सड़क होगी चौड़ी

जेल तिराह से मिनीमाता पुलगांव चौक तक सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। फोरलेन सड़क की स्वीकृति शासन ने दी। सड़क के बनने से ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। इसी सड़क पर महाराजा चौक के पास नए फ्लाईओवर का प्रावधान बजट में किया गया है। आगामी दिनों में वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति के बाद काम शुरू होगा।



#### शासन के बजट में इन कामों को किया गया शामिल, खुलेगा नया संगीत महाविद्यालय

7वीं बटालियन की 6.50 किमी लंबी आंतरिक सड़क निर्माण, प्रमुख सड़कों का करीब 10 किमी उन्नयन, परेतिन चौक गयानगर से उरला फाटक तक सड़क निर्माण, 1.50 किमी धमधा बेमेतरा मुख्य मार्ग से करहीडीह पहुंच मार्ग, रायपुर नाका से सिंधी कॉलोनी होते हुए ठगड़ा बांध पहुंच मार्ग 3 किमी, 1.50 किमी कर्मचारी नगर के आंतरिक सड़क का डामरीकरण, बेलौदी एनीकट से प्रेमनगर होते हुए धमधा बेमेतरा मुख्य मार्ग तक पहुंच मार्ग, साइंस कॉलेज से रेलवे स्टेशन केनाल रोड, पुलगांव नाला का डायवर्सन, तिरगा और गनियारी जलाशय की लाइनिंग, गांधी पुतला से हेमचंद विश्वविद्यालय पोटियाकला तक फोरलेन सड़क, नय सर्किट हाउस, संगीत महाविद्यालय, महाराजा चौक से ईरानी डेरा चौक तक 1.80 किमी स्ट्रीट लाइट, विजय नगर से उरला मार्ग पर अंडरब्रिज शामिल है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। फ्लाईओवर से महाराजा चौक और पोटिया चौक पर नए फ्लाईओवर का निर्माण से शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी और आवागमन सुगम होगा। विजय नगर से उरला मार्ग पर अंडरब्रिज निर्माण से रेल फाटक की समस्या से राहत मिलेगी। दुर्ग से पोटियाकला होते हुए हनोदा तक फोरलेन सड़क से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों का बेहतर संपर्क होगा। संगीत महाविद्यालय की स्थापना कला और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय युवाओं को शिक्षा का नया अवसर मिलेगा। नए सर्किट हाउस का निर्माण से शहर में आने वाले अतिथियों और अधिकारियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त व्यवस्था तैयार होगी।

**हंगामेदार रही सामान्यसभा : घुघवा में रेत का अवैध खनन, सदस्यों ने जताई नाराजगी**

# परमिशन बालोद का और ईंट भट्ठा चल रहा दुर्ग जिले के मेड़ेसरा में, माइनिंग अफसर और जिपं सदस्य में झगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

*जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक हंगामेदार रही। जिला पंचायत के लगभग सभी सदस्यों ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर जमकर नारेबाजी व्यक्त की। सबसे ज्यादा खनिज विभाग में अनियमितता, गड़बड़ी को लेकर सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की। जिला पंचायत सदस्यों ने कहा कि पाटन के घुघवा में रेत का अवैध खनन हो रहा है। जांच के लिए जब भी टीम पहुंचती है, उससे पहले ही रेत माफियाओं को खबर दे दी जाती है।*

इधर पूरे पाटन में रेत और मुरुम का अवैध परिवहन हो रहा है। जांच और कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। इस विषय को लेकर जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू ने कहा कि शिवनाथ नदी के किनारे पर कई ईंटभट्ठे ऐसे हैं, जो 100 मीटर के दायरे पर चल रहे हैं। मेड़ेसरा में बिना परमिशन ईंट भट्ठे का संचालन हो रहा है। इस ईंट भट्ठे का परमिशन बालोद जिले का है, लेकिन दुर्ग खनिज विभाग इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इस विषय को लेकर खनिज विभाग के अधिकारी के साथ प्रिया साहू की तीखी बहस भी हुई। बात झगड़े तक पहुंच गई। बाद में अन्य सदस्यों ने मामला शांत कराया। बैठक में जिला पंचायत के अन्य सदस्यों ने भी राशनकार्ड, खाद्यान्न वितरण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, पीएचई के कार्यों को लेकर भी प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। बैठक में जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, अशोक साहू, दानेश्वर साहू, जितेंद्र यादव, पवन शर्मा, आशा मिश्रा, आकाश सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

#### खनिज विभाग ने ईंट भट्ठा संचालकों पर लगाई 1 लाख तक की पेनल्टी

जिला पंचायत सदस्य अशोक साहू ने निपानी, केसरा, बोरेंदा, कौही में ईंट भट्ठा संचालकों पर 1-1 लाख रुपए तक की पेनल्टी लगाए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों पर यह कार्रवारी की जा रही है, वहीं पाटन क्षेत्र में कई जगहों पर रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है। ये खनिज विभाग के अधिकारियों को नजर नहीं आ रहा है। स्वीकृति के बाद भी कई जगहों पर मनमाने तरीके से कार्रवाई की गई है। सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी ने खाद्यान्न वितरण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि एक महीने पहले हितग्राहियों से थम्ब इंप्रेशन लिए जा रहे हैं और राशन एक महीने बाद दिया जा रहा है। यह सीधे तौर पर अनियमितता है।




#### धमधा में राशन कार्ड के नाम पर लिए जा रहे पैसे

सदस्यों ने कहा कि राशनकार्ड के नाम धमधा में करीब 300 आवेदन लिए गए। राशनकार्ड बनने के बाद पैसे लेकर उन्हें दिया जा रहा है। जनपद पंचायत में खाद्य विभाग की एक महिला अधिकारी यह कार्य कर रही है। आपत्ति करने पर वह लोगों से दुर्व्यवहार किया जाता है। इस मामले में जांच कर दोषी अधिकारी पर कार्रवाई करने की बात कही गई। जितेंद्र यादव ने स्वच्छता मिशन के अंतर्गत 4 साल पहले स्वीकृत किए गए शौचालय की सिर्फ एक किस्त जारी होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दूसरे विधानसभा के विधायक अपनी विधानसभा छोड़ दूसरे विधायक के क्षेत्र के कार्यों में दखलनदाजी कर रहे हैं।

#### किसानों को नहीं मिल रहे सब्सिडी वाले सामान, किया विरोध

सदस्य दानेश्वर साहू ने कहा कि किसानों को सब्सिडी वाले सामान नहीं मिल पा रहे हैं। वे पिछले छह महीने से परेशान हो रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य आशा मिश्रा ने कहा कि पीएम आवास को लेकर वर्ष 2001 और 2011 के सर्वे सूची को आधार बनाया गया है, लेकिन सर्वे सूची के बाहर के भी कुछ लोगों को आवास की पात्रता दी गई है। अशोक साहू ने कहा कि आरईएस के माध्यम से उद्यान विभाग का काम स्वीकृत हुआ है। करीब 25 लाख रुपए के इस काम के बारे में विभाग के अधिकारियों को ही जानकारी नहीं है। समग्र शिक्षा का करीब 80 लाख का काम पेंडिंग है। देवेंद्र चंद्रवंशी ने मनरेगा के कार्यों को पंचायत स्तर पर स्वीकृत किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि विशेष राजनीतिक पार्टी से जुड़े पंचायत प्रतिनिधियों के पंचायतों में कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं।

### नई कार्यकारिणी ने एकजुटता का दिया संदेश जमीनी स्तर पर कड़ी मेहनत का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के नवनियुक्त पदाधिकारियों की प्रथम बैठक जिला कांग्रेस भवन में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों के परिचय सत्र से हुई, जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को एक-दूसरे से औपचारिक परिचय कराया गया। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एवं ब्लॉक अध्यक्षों को नियुक्ति प्रमाण पत्र के साथ परिचय पत्र प्रदान कर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। राकेश ठाकुर ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे शीघ्र ही अपनी-अपनी कार्यकारिणी का गठन करें। पेज प्रभारी, ग्राम अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष सहित संपूर्ण संगठनात्मक ढांचा तैयार कर उसकी सूची तत्काल जिला कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि चारों विस सीटें पाटन, अहिवारा, दुर्ग ग्रामीण एवं साजा को वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने हेतु अभी से योजनाबद्ध तरीके से मेहनत प्रारंभ करनी होगी। बैठक में राजेश ठाकुर, मोहन साहू, मनहरण यादव, श्रीकांत वर्मा, उमेश साहू, संतोष बाफना, देवेंद्र देशमुख, कमलेश साहू, शिवकुमार वर्मा को भी नियुक्ति पत्र और पहचान पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विक्रांत अग्रवाल, विशाल देशमुख, जयप्रकाश चंद्राकर, महेंद्र वर्मा, तरूण बिजौर, प्रमोद राजपूत, रोहित कुर्रे आदि मौजूद थे।

## अंगना में शिक्षा जिला स्तरीय कोर टीम का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|बेमेतरा

- महिला शिक्षिकाओं के नेतृत्व में होगा माताओं की क्षमता विकास
- जिला स्तर पर डीआरजी बनी ज्योति व रेणुका

जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा महिला शिक्षिकाओं के कुशल नेतृत्व में माताओं की क्षमता विकास और घर पर उपलब्ध सामग्री से छोटे बच्चों को सीखने में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से "अंगना में शिक्षा" जिला स्तरीय कोर टीम का गठन किया गया है।

टीम में जिला स्तर पर डीआरजी ज्योति बनाफर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका एवं रेणुका अग्रवाल कन्या शाला बेमेतरा को शामिल किया गया है। विकासखंड बेमेतरा से सुकन्या राजपूत प्रा. शा. ढोलिया, निरंजना ठाकुर प्रा. शा. हथमुड़ी, साजा से मेनका तिवारी प्रा. शा. कजरा, खुशबू दुबे प्रा. शा. मुसवाडीह, नवागढ़ से गोपेश्वरी साहू प्रा. शा. समेसर, यामिनी बर्मन प्रा. शा. घठोली, बेरला से प्रतिभा साहू शास. सीबीएसई प्रा. शा. बेरला एवं सावित्री साहू प्रा. शा. जामगांव को सदस्य बनाया गया है।



#### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा

कोर टीम की प्रथम बैठक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में डीईओ जी.आर. चतुर्वेदी, सहायक संचालक एस.पी. कोसले, डीएमसी राजकुमार वर्मा, एपीसी खेमराज साहू, बीआरसी बेमेतरा राजेंद्र कुमार साहू तथा पीएमयू से प्रवीण कुमार सोनकर की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में जिले में शिक्षा को प्रोत्साहन तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत जिला स्तरीय माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम "अंगना म शिक्षा – सह एफएलएन मेला" के आयोजन पर विस्तृत चर्चा की गई।

**घर पर ही सीखने-सिखाने की गतिविधियों का प्रदर्शनः** कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को बच्चों के समग्र विकास के विभिन्न आयामों से परिचित कराना तथा नवाचार आधारित शैक्षणिक स्टॉलों के माध्यम से घर पर ही सीखने-सिखाने की गतिविधियों का प्रदर्शन करना है। इस पहल से आगामी 25 अप्रैल को बालवाड़ी से प्राथमिक शाला में प्रवेश लेने वाले बच्चों के लिए "पढ़ाई तिहार" का सफल संचालन सुनिश्चित किए जाने की अपेक्षा जताई गई है।

### 1.28 करोड़ के विकास कार्य का सांसद विजय ने किया भूमिपूजन

**भिलाई।** वार्ड 25 जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड में 1.28 करोड़ के विकास कार्य का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। गुरुवार को मुख्यमंत्री नगरोत्थन योजना अन्तर्गत वार्ड 25 में डामरीकरण 1.10 करोड़ रुपए, दीप नगर में सीमेंटीकरण 10 लाख रुपए और हाउसिंग बोर्ड में 8 लाख रुपए से उद्यान सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, वार्ड पार्षद नोहर वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सांसद विजय बघेल ने कहा कि भाजपा की सरकार में लगातार विकास कार्यों में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि लगातार वार्ड के विकास के प्रति पार्षद नोहर वर्मा सक्रिय है।

**पेज 11 के शेष**

#### होली से पहले जिले के ...

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने वादे के अनुरूप प्रति एकड़ 21 क्विंटल और 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी सुनिश्चित की थी। जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान खरीदा गया और उसका भुगतान भी सीधे बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से किया गया। अब उसी क्रम में आदान सहायता राशि का अंतरण किया जा रहा है। **होगा सीधा प्रसारणः** राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12:30 बजे से किया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण सभी विकासखंड मुख्यालयों में होगा। बेमेतरा जिले के विकासखंडों में भी कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को योजना की जानकारी दी जाएगी और राशि अंतरण का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। होली से पहले खातों में राशि पहुंचने से किसानों को बीज, खाद, कृषि यंत्रों की खरीद सहित अन्य कृषि कार्यों के लिए तत्काल पूंजी उपलब्ध होगी। साथ ही पर्व की तैयारियों में भी आर्थिक संबल मिलेगा। जिले के किसानों ने इसे सरकार की समयबद्ध और राहतकारी पहल बताया है।

#### शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण ...

विशाल श्रीवास्तव, जग्गू साहू, प्रवीण राजपूत, अथर्व त्रिवेदी, रितेश यादव, कमलेश टंडन एवं मुकेश टंडन सहित अन्य युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। शिविर के समापन पर सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बायोटेक फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड प्रबंधन ने जिला अस्पताल की टीम एवं रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो पाता है। ऐसे शिविर समाज में जागरुकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**कलेक्टर ने ली राइस मिलर्स की बैठक, दिए आवश्यक दिशा**

# मिलर्स को कलेक्टर की दो टूक-28 तक कटाएं डीओ, 15 मार्च तक कराएं उठाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

धान खरीदी पूरी होने के बाद भी उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव पूरी तरह शुरू नहीं हो पा रहा है। यहां तक मिलर्स डीओ कटाने को लेकर भी रूचि नहीं ले रहे हैं। इसे देखते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने गुरुवार को मिलर्स की बैठक बुलाई, जिसमें उन्होंने मिलर्स से दो टूक कहा कि धान के उठाव में मिलर्स तेजी लाएं। डीओ भी कटवाएं। कलेक्टर ने कहा कि डीओ कटने के बाद भी धान का उठाव अपेक्षित गति से नहीं हो रहा है, जिससे समितियों में धान का भंडारण बढ़ रहा है। उन्होंने 28 फरवरी तक शत-प्रतिशत डीओ कटवाकर उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही 15 मार्च तक सभी समितियों से धान उठाव पूर्ण करने की समय-सीमा तय की।

#### एफसीआई नहीं ले रहा धान, इसलिए ज्यादा दिक्कत

मिलर्स ने कलेक्टर को अवगत कराया कि एफसीआई धान नहीं ले रहा है, जबकि खरीदी का करीब 50 प्रतिशत धान एफसीआई लेते आ रहा है। एफसीआई में पिछले साल का धान लंबित है, उसे लिया जा रहा है। इसके अलावा एफसीआई में धान रखने की जगह भी नहीं है। इस वजह से एफसीआई धान लेने को तैयार नहीं है। मिलर्स यदि सारा धान का उठाव करते हैं, तो रखने की दिक्कत होगी। कलेक्टर ने इस विषय पर चर्चा का भरोसा दिलाया।

कलेक्टर ने कहा कि उठाव के समय जिन स्थानों के लिए टैगिंग की जा चुकी है, उसमें किसी प्रकार का परिवर्तन न किया जाए। इस संबंध में नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में एफआरके (फोर्टिफाइड राइस कर्नेल) के वितरण एवं उठाव की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मिलिंग के साथ-साथ एफआरके की निर्धारित मात्रा का भी समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किसी प्रकार की बाधा न आए। बैठक में मिलर्स ने डीओ कटवाकर उठाव में तेजी लाने पर सहमति जताई और प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने मिलर्स को निर्देश दिए कि मार्च माह में पीडीएस के तहत चावल वितरण सुनिश्चित करने के लिए दो दिवस के भीतर टैगिंग अनुसार चावल संबंधित गोदामों में जमा कराएं।

### सर्वांगीण विकास, रोजगार सृजन, शिक्षा सुधार का बजट, हेल्थ सुविधाएं भी बढ़ेंगी



**दुर्ग।** जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू ने 1 लाख 72 हजार करोड़ के बजट 2026 के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट राज्य के सर्वांगीण विकास, रोजगार सृजन, शिक्षा सुधार और बुनियादी ढांचे के विस्तार के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला है। सरकार का लक्ष्य प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाना है, जिसके लिए विभिन्न वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार की गई है। यह बजट ग्रामीण, आदिवासी और शहरी क्षेत्रों के बीच एक बेहतर संतुलन स्थापित करता है। बुनियादी ढांचे और तकनीकी शिक्षा पर निवेश भविष्य में राज्य की जीडीपी को नई गति प्रदान करने वाला है। सभापति प्रिया ने कहा है कि बजट 2026-27 बस्तर और सुरगुजा जैसे पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देता है. इसे राज्य के समग्र विकास और ग्रामीण क्षेत्रों की प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण है। 2026 का बजट संकल्प के थीम पर बनाया गया है, जो समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, लाइवलीहुड और पॉलिसी से परिणाम तक को समावेशित करता है। इस बजट की घोषणाओं में से एक रानी दुर्गावती योजना है, जिसके तहत 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर लड़कियों को 1.5 लाख रुपये मिलेंगे।

**महापौर ने किया निरीक्षण, रोडमैप तैयार करने किया निर्देशित**

# दुर्ग शिवनाथ मुक्तिधाम में मिलेगा शांत और आध्यात्मिक वातावरण, बनेंगे दो स्वागत द्वार, श्रद्धांजलि के लिए सभा स्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

कभी हरनाबांधा मुक्तिधाम की तरह अब शिवनाथ नदी तट स्थित मुक्तिधाम का भी कायाकल्प होगा। शहर के अंतिम संस्कार स्थलों में से एक शिवनाथ नदी मुक्तिधाम को अब पूरी तरह नए, स्वच्छ, आधुनिक और आध्यात्मिक स्वरूप में विकसित करने की दिशा में कदम तेज हो गए हैं। मुक्तिधाम में पहुंचने वाले लोगों को दिव्य, शांत एवं आध्यात्मिक वातावरण मिलेगा। महापौर अलका बाघमार की पहल पर यह महत्त्वाकांक्षी परियोजना आकार ले रही है, जिसका उद्देश्य मुक्तिधाम को गरिमामय, शांत और सुविधाजनक स्थल के रूप में विकसित करना है। मुक्तिधाम में दो नए गेट बनेंगे। वहीं एक श्रद्धांजलि सभा स्थल का निर्माण किया जाएगा।



#### जनप्रतिनिधि और निगम के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

गुरुवार की सुबह महापौर के नेतृत्व में मुक्तिधाम का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद रहे, जिनमें एमआईसी मेंबर देव नारायण चंद्रकार, मनीष साहू, चतुर्भुज राठी, अरुण सिंह, मनोज राठी, राजू पोद्दार, राधेश्याम चांडक, हेमंत टावरी, चीकू भूतड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

#### मुक्तिधाम में लगेगी आकर्षक लाइट, टाइल्स भी लगेंगे

मुक्तिधा में दो भव्य प्रवेश द्वार बनेंगे। दोनों ओर से प्रवेश योग्य मुक्तिधाम को सुसज्जित और आकर्षक द्वारों से जोड़ा जाएगा। टाइल्स युक्त श्रद्धांजलि सभा कक्ष श्रद्धांजलि सभाओं के लिए आधुनिक, साफ-सुथरा और सम्मानजनक कक्ष विकसित किया जाएगा, जो टाइल्स और विशेष सज्जा से युक्त होगा। मुक्तिधाम परिसर में लाइटिंग की प्राप्त व्यवस्था की जाएगी और लकड़ी जो परिसर में फैली हुई थी उसे व्यवस्थित ढंग से एक तरफ उसका सेड निर्माण कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### ग्राहकों ने चुनौतियों को किया साझा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के विपणन एवं व्यवसाय नियोजन (मार्केटिंग एंड बिसनेस प्लानिंग) विभाग के सभागार में ग्राहक मिलन कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक पी. सुब्बा राव ने की। विपणन विभाग द्वारा अपनाई गई डिजिटलीकरण पहलों का जानकारी साझा की गई । उद्देश्य तेज़, पारदर्शी एवं ग्राहक-अनुकूल सेवा सुनिश्चित करना है। सत्र के दौरान ग्राहकों ने अपने दैनिक कार्य निष्पादन में आने वाली विभिन्न व्यावहारिक चुनौतियों की चर्चा की।। इनमें वीएएन भुगतान में विलंब, हालिया ई-नीलामियों में दोषपूर्ण इस्पात वस्तुओं की सीमित उपलब्धता, क्रेन की उपलब्धता से संबंधित समस्याएँ, उठाई गई । ग्राहकों द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि विपणन अधिकारियों के साथ संयंत्र परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों का संयुक्त भ्रमण आयोजित किया जाए, जिससे अनुपयोगी अथवा निष्क्रिय पड़ी अतिरिक्त सामग्रियों एवं स्पेयर पाट्र्स की पहचान कर उन्हें भविष्य में विक्रय सूचीबद्ध किया जा सके।

### बीएसपी में ड्यूटी टाइम में आधा घंटा बंद रहेगा लोको

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में दुर्घटनाओं पर पूरी तरह से रोक लगाने के मुद्दे को लेकर सीटू और कार्यपालक निदेशक के बीच बैठक हुई। ईडी ने यूनियन को बताया कि संयंत्र के अंदर सड़कों पर ड्यूटी टाइम में भारी वाहनों पर रोक लग गई है लोको मूवमेंट के बारे में भी चर्चा की गई है। ब्लास्ट फर्नेस एवं स्टील मेल्टिंग शॉप के बीच होने वाले हॉट मेटल लोको हॉट मेटल लैडल ले जाने वाले लोको मूवमेंट को छोड़कर बाकी जगह पर ड्यूटी आते जाते समय संयंत्र के अंदर रेलवे क्रॉसिंग में लोको मूवमेंट पर रोक लगाई जा रही है। इसके तहत प्रथम पाली, द्वितीय पाली, सामान्य पाली एवं रात्रि पाली में ड्यूटी आते जाते समय आधे घंटे के लिए रेलवे क्रॉसिंगों पर लोको मूवमेंट बंद रहेगा। सीटू नेताओं ने कहा कि संयंत्र के अंदर सड़कों पर चलने वाले भारी वाहनों में (होलपैक) में जीपीएस सिस्टम लगाया जा रहा है उसी तर्ज पर लोको में भी जीपीएस सिस्टम लगाया जाना चाहिए । संयंत्र के अंदर कई जगहों पर होलपैक होलपैक से बड़ी दुर्घटनाएं भी संयंत्र के अंदर घट चुकी हैं। इसे देखते हुएहोलपैक में 360 डिग्री कैमरा लगाया जा रहा है ।

### मदर्स मार्केट दुकान आवंटन को लेकर आप ने किया प्रदर्शन

**भिलाई।** पावर हाउस भिलाई में स्थित मदर्स मार्केट और सी मार्केट की दुकानों का आवंटन न किए जाने और संप्ति जर्जर होने को लेकर आम आदमी पार्टी ने गुरुवार सुबह भिलाई नगर निगम के सामने धरना देकर आक्रोश व्यक्त किया। आप ने आरोप लगाया कि निगम आयुक्त ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन नहीं कर रहे हैं। कई बार आवेदन के बाद भी महिलाओं के उत्थान के लिए बने मदर्स मार्किट में दुकानों का आवंटन नहीं किया जा रहा है। आप के नेता मेहरबान सिंह ने भाजपा से सवाल किया की क्या भिलाई निगम आयुक्त को हटाने का ऐलान भी डोनाल्ड ट्रंप करेंगे? ऐसा क्यों कहना पड़ रहा है क्योंकि कुछ दिन पूर्व भाजपा ने प्रेस वार्ता करके की आयुक्त राजीव पांडे को हटाने की बात कही थी कुछ दिन बाद कांग्रेस वालों ने भी आयुक्त को हटाने की बात कही थी। छत्तीसगढ़ में सरकार किसकी है भाजपा की है तो आयुक्त हटाने में समस्या क्या है? आप नेता जसप्रीत सिंह ने कहा कि मदर मार्केट में कुल 30 दुकान हैं ।

# शासकीयकरण की मांग पर डटी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कांग्रेस ने दिया समर्थन

## धरना स्थल पहुंचे पूर्व विधायक आशीष, कहा-सरकार कर्मचारियों की मांगें जल्द माने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीयकरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के आंदोलन को कांग्रेस का समर्थन मिल गया है। शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा धरना स्थल पहुंचे और आंदोलनरत कार्यकर्ताओं को अपना समर्थन व्यक्त किया। जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं अपनी लंबित मांगों को लेकर तहसील कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन कर रही हैं। उनका मुख्य मांग शासकीयकरण, नियमित वेतनमान, पेंशन, चिकित्सा सुविधा तथा अन्य शासकीय कर्मचारियों के समान लाभ प्रदान करना है। धरना स्थल पर संबोधित करते हुए आशीष छाबड़ा ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार ने जनता से किए गए वादों को पूरा नहीं किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने झूठे वादों और कोरी कल्पनाओं के सहारे सत्ता हासिल की, लेकिन आज किसान, कर्मचारी और विभिन्न वर्ग सरकार की नीतियों से निराश हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की शासकीयकरण की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें शासकीय कर्मचारी घोषित कर सभी सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए, जिनमें पेंशन, चिकित्सा प्रतिपूर्ति एवं अन्य सेवा लाभ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि संघ द्वारा उठाई गई सभी मांगें जायज हैं और कांग्रेस पार्टी इन मांगों के साथ खड़ी है।




### ये रहे उपस्थित

इस दौरान ललित विश्वकर्मा, रश्मि मिश्रा, शकुंतला साहू, शशि प्रभा गायकवाड, सुमन गोस्वामी, मनोज शर्मा, रवि रजक, चंद्र प्रकाश शीतलानी, विद्या जैन सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे। धरना स्थल पर कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई और सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।

## दो कार्य दिवस में स्पष्टीकरण मांगा, संतोषजनक जवाब न मिलने पर कार्रवाई के संकेत

# पीएम आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक में न रहने पर 32 सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में अनुपस्थित रहने वाले 32 सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई थी, जिसमें योजना की प्रगति, लंबित प्रकरणों एवं निर्माण कार्यों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की जानी थी। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत आवासों की प्रगति, पूर्णता की स्थिति, किश्तों के भुगतान, जियो-टैगिंग, हितग्राहियों के चयन तथा लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा प्रस्तावित थी। साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, समय-सीमा का पालन तथा शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाने थे।

### दो कार्य दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश

निर्धारित तिथि को आयोजित बैठक में बिना पूर्व सूचना एवं सक्षम अधिकारी की अनुमति के अनुपस्थित रहने को गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित 32 सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो कार्य दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि समय-सीमा में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित सचिवों की होगी।

जिला पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) गरीब एवं पात्र हितग्राहियों को पक्के आवास उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है, जिसकी नियमित समीक्षा एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करना सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। प्रशासन द्वारा यह भी कहा गया है कि भविष्य में ऐसी लापरवाही की पुनरावृत्ति होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा सभी संबंधितों को निर्देशित किया गया है कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें।

# बोर्ड परीक्षाओं के बीच बेमेतरा में गूंज रहा तेज शोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ डीजे प्रतिबंध बेअसर : प्रशासनिक आदेशों की उड़ रही धज्जियां

जिले में ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा डीजे साउंड पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद शहर और ग्रामीण अंचलों में तेज आवाज में डीजे बजना थम नहीं रहा है। बोर्ड परीक्षाओं और उच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए जारी आदेश फिलहाल कागजों तक सीमित नजर आ रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात बिल्कुल विपरीत दिखाई दे रहे हैं।

प्रशासन ने कुछ दिन पूर्व डीजे साउंड व्यवसाय से जुड़े संचालकों की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए थे कि परीक्षा अवधि के दौरान निर्धारित समय सीमा और ध्वनि स्तर का सख्ती से पालन किया जाए, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद शादी-विवाह, धार्मिक आयोजनों, जुलूस और अन्य कार्यक्रमों में देर रात तक तेज ध्वनि में डीजे बजाए जा रहे हैं। कई स्थानों पर डीजे वाहन मोहल्लों और मुख्य मार्गों से गुजरते हुए उच्च ध्वनि में संगीत प्रसारित कर रहे हैं।

**पढ़ाई और एकाग्रता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा तेज शोर-शराबा :** इधर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। दसवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राएं अपने भविष्य की महत्वपूर्ण परीक्षा दे रहे हैं। ऐसे समय में तेज शोर-शराबा उनकी पढ़ाई और एकाग्रता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। विद्यार्थियों और अभिभावकों ने शिकायत करते हुए कहा कि देर रात तक बजने वाले डीजे से नींद प्रभावित हो रही है, जिससे परीक्षा की तैयारी में बाधा उत्पन्न हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा जारी आदेशों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए मैदानी स्तर पर निगरानी और कार्रवाई की आवश्यकता है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगा।

# ठेंगाभाट में वीबी जी राम जी को लेकर चला भाजपा का जागरुकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

■ भाजपाइयों ने ग्रामीणों से किया संवाद, विकसित भारत 2047 की परिकल्पना से कराया अवगत

विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत ठेंगाभाठ में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष युवराज सिंह ठाकुर ने 'वीबी–जी राज –जी' योजना को लेकर ग्रामीणों के बीच जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्राम के पंचों, किसानों एवं ग्रामीणजनों से मुलाकात कर योजना से होने वाले संभावित लाभ, गांव के समग्र विकास और विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान युवराज सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पर योजना को लेकर दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल ग्रामीणों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि यह पहल गांवों के विकास, आत्मनिर्भरता और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे भ्रामक जानकारी से बचते हुए योजनाओं की वास्तविक जानकारी प्राप्त करें और विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

उन्होंने कहा कि देश के समग्र विकास का मार्ग गांवों के सशक्तिकरण से होकर गुजरता है। 'वीबी– जीरामजी जैसी योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, कृषि उन्नयन, आजीविका के नए अवसर और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

### ग्रामीणों ने भी रखे अपने विचार

बैठक के दौरान ग्रामीणों ने भी क्षेत्रीय समस्याओं और विकास संबंधी सुझाव रखे। किसानों ने सिंचाई व्यवस्था, सड़क सुविधा, रोजगार के अवसर और कृषि से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने सभी सुझावों को संबंधित स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि घनश्याम ध्रुव, उपसरपंच रोहित साहू, अरुण साहू, कोदुराम साहू, राजकुमार यादव, सोहित निषाद, भोला साहू, राकेश साहू सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब गांव मजबूत और आत्मनिर्भर बनेंगे। इसके लिए जनभागीदारी और जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है।

### इस्पात संयंत्र कर्मियों को मिले नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम का लाभ

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक एम डब्ल्यू आर एम मनीष कुमार गोयल के साथ स्टील इम्प्लाइज यूनियन इंटक के महासचिव संजय कुमार साहू एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में कर्मियों एवं ठेका कर्मियों से संबंधित विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। यूनियन की ओर से मांग की गई कि नॉन फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम को शीघ्र प्रारंभ किया जाए। ठेका कर्मियों को समुचित प्रशिक्षण प्रदान कर निर्धारित वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भारत-जॉर्जिया संसदीय मैत्री दल में सांसद शामिल

**भिलाई।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत जॉर्जिया संसदीय मैत्री समूह का गठन किया है। इस समूह का नेतृत्व सस्मित पात्रा कर रहे हैं। इसका उद्देश्य व्यापार प्रौद्योगिकी और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग को गहरा करना है। समूह में लोकसभा के 11 सांसदों को शामिल किया गया है जिसमें दुर्ग सांसद विजय बघेल भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी सांसद विजय बघेल को ब्रिक्स सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है।

### दो आरोपियों से करीब 2 किलो गांजा बरामद

**भिलाई।** थाना कुम्हारी और भिलाई नगर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को 1.763 किलो गांजा के साथ पकड़ा है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत कार्रवाई की गई। दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। कुम्हारी थाना पुलिस पुलिस को सूचना मिली की एक व्यक्ति महामाया उद्यान धान खरीदी केंद्र के पास कुम्हारी में गांजा बिक्री के लिए खड़ा हुआ है। टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर सुमित पटेल, उम्र 32 वर्ष, निवासी डीएमसी तालाब, मस्जिद के पास कुम्हारी को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक सफेद रंग के थैले में 1.318 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।वहीं दूसरे मामले में भिलाई नगर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि सेक्टर 6 भिलाई स्थित पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति काले रंग के बैग में मादक पदार्थ गांजा रखकर घूम रहा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर शिवा मुदलियार, उम्र 23 वर्ष, निवासी नेहरू नगर मॉडल टाउन सुपेला भिलाई की तलाशी लेने पर काले प्लास्टिक थैले से 445 ग्राम गांजा बरामद किया।

### शराब के 33 प्रकरणों में 20 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** होली के मद्देनजर दुर्ग पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ जिलेभर में विशेष अभियान चलाया। 33 अलग-अलग प्रकरणों में कार्रवाई की गई। वहीं 710 पाव देशी शराब जब्त करते हुए 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत 20 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 20 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। वहीं धारा 36(च) के तहत 13 और प्रकरण कायम किए गए हैं। कार्रवाई अंडा, धमधा, कुम्हारी, पुलगांव, मोहन नगर, भिलाई नगर, जामुल, नेवई, जामगांव, नंदिनी नगर, उतई, रानीतराई और पाटन थाना क्षेत्रों में की गई।

### बंद फैक्ट्री में लगी आग

**भिलाई।** इंडस्ट्री एरिया में गुरुवार शाम एक बंद फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। मामला छावनी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम करीब 5.30 बजे गणपति इंडस्ट्री में रखे वेस्ट मटेरियल और ऑयल के ड्रम में अचानक आग भड़क उठी। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही एक दमकल वाहन तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंचने पर अग्निशमन कर्मियों ने देखा कि फैक्ट्री परिसर के अंदर आग तेजी से फैल रही है।

# कलेक्टोरेट परिसर में हर्बल गुलाल लगा स्टॉल, स्व-सहायता समूहों ने की हजारों की बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

होली पर्व के मद्देनजर कलेक्टरेट परिसर में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा लगाए गए हर्बल गुलाल स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। प्राकृतिक रंगों से तैयार सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल गुलाल की खरीदारी के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों में उत्साह देखने को मिला। जय मां सिद्धि स्व-सहायता समूह, दही (विकासखंड साजा) ने 3,600 रुपये तथा नर्मदा स्व-सहायता समूह, झालम (विकासखंड बेमेतरा) ने 3,000 रुपये के हर्बल गुलाल की बिक्री कर सराहनीय प्रदर्शन किया। समूह की महिलाओं ने बताया कि गुलाल पूरी तरह प्राकृतिक सामग्री से तैयार किया गया है, जो त्वचा के लिए सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल है।

■ प्राकृतिक रंगों से तैयार गुलाल में दिखाई उत्साह और महिला सशक्तिकरण

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता पदमाकर एवं एसडीएम भारद्वाज ने स्टॉल का अवलोकन कर हर्बल गुलाल की खरीदी की और महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। अधिकारियों ने उत्पाद निर्माण प्रक्रिया, गुणवत्ता, पैकेजिंग और विपणन व्यवस्था की जानकारी लेते हुए निरंतर नवाचार और गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया।

## महिला स्व-सहायता समूहों की पहल बनी लोगों के आकर्षण का केंद्र




### महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

अधिकारियों ने कहा कि स्व-सहायता समूहों की यह पहल महिला आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हर्बल उत्पादों को बढ़ावा देने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं और पर्यावरण संरक्षण को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। समूह की महिलाओं ने बताया कि त्योहारी सीजन में इस प्रकार की बिक्री से अतिरिक्त आय प्राप्त होती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। जिला प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण और विपणन सहयोग दिए जाने से उनके उत्पाद अब व्यापक बाजार तक पहुंच रहे हैं। होली के अवसर पर नागरिकों से रासायनिक रंगों के बजाय प्राकृतिक एवं हर्बल गुलाल के उपयोग की अपील भी की गई, ताकि सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल होली मनाई जा सके।

बैठक

# जनगणना के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण प्रारंभ

### भारत की जनगणना 2027 के लिए अधिकारियों को मिला डिजिटल और तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

भारत की जनगणना 2027 के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर देशभर में जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। इसी क्रम में बेमेतरा में भी जिलाधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। राज्य जनगणना निदेशालय रायपुर से आई प्रशिक्षक टीम ने जनगणना कार्य से जुड़े जिला स्तरीय एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को विस्तृत तकनीकी प्रशिक्षण दिया।

■ फील्ड संचालन, डेटा सुरक्षा और सेल्फ एन्यूमरेशन पर विशेष जोर

राज्य मुख्यालय से आई प्रशिक्षक सुष्मिता स्वान एवं शुभम कुशवाहा ने जनगणना की संपूर्ण प्रक्रिया, तकनीकी व्यवस्थाओं तथा फील्ड संचालन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में कानूनी प्रावधानों, गोपनीयता, डेटा सुरक्षा और कार्य की संवेदनशीलता पर विशेष जोर दिया गया। जनगणना कार्य दो चरणों में पूरा किया जाएगा प्रथम चरण (1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं भवन गणना। द्वितीय चरण (फरवरी-मार्च 2027): जनसंख्या की वास्तविक गणना। प्रथम चरण में प्रत्येक भवन एवं आवासीय इकाई का विवरण संकलित किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण में प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय जानकारी दर्ज की जाएगी। अधिकारियों को मोबाइल एप्लिकेशन तथा पोर्टल के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई।

इन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से डेटा प्रविष्टि, निगरानी, ब्लॉक निर्माण एवं प्रगणकों की कार्यप्रणाली संचालित की जाएगी। इस बार स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा, जिसके तहत नागरिक स्वयं पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। घर-घर भ्रमण के दौरान प्रगणक उस जानकारी का सत्यापन करेंगे। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि जाति आधारित डेटा संग्रह को शामिल किए जाने की संभावना है।



### जनगणना कार्य राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : कलेक्टर

कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने अधिकारियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्र की आर्थिक एवं सामाजिक संरचना से संबंधित सबसे व्यापक और प्रामाणिक डेटा स्रोत है, जो नीति निर्धारण, विकास योजनाओं की रूपरेखा, लोकसभा एवं विधानसभा सीटों के परिसीमन तथा शासकीय निधियों के न्यायसंगत वितरण में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी अधिकारियों से जनगणना कार्य को पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ संपादित करने की अपील की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, जिला पंचायत सीईओ सुश्री प्रेमलता पद्माकर, ड्यूटी कलेक्टर दीप्ति वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पूरी तरह डिजिटल होगी जनगणना 2027

प्रशिक्षण में बताया गया कि यह देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी। पारंपरिक कागज आधारित प्रणाली के स्थान पर आधुनिक डिजिटल टूल्स का उपयोग किया जाएगा, जिससे आंकड़ों की शुद्धता, पारदर्शिता और त्वरित संकलन सुनिश्चित होगा।

## गौमाता के सम्मान व संरक्षण के लिए एक जुट होकर कार्य करने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ थान खमरिया

नगर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित शिव मंदिर परिसर में एक दिवसीय मानस सम्मेलन एवं गौ सम्मान अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में गौ माता को राष्ट्र माता, राष्ट्रदेव, राष्ट्र आराध्या एवं राष्ट्र धरोहर का सम्मान पद दिलाने तथा भारतवर्ष में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

■ मानस सम्मेलन एवं गौ सम्मान अभियान को लेकर बैठक

मानस संघ साजा शक्ति केंद्र क्रमांक 3, मानस परिवार एवं सनातनी हिंदूओ द्वारा आगामी 27 अप्रैल को गौ सेवा, गौ सुरक्षा एवं गौ सम्मान के निमित्त प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सभी श्रद्धालु भक्तों से अपील की गई कि वे 27 अप्रैल को राधा-कृष्ण जमात मंदिर में एकत्रित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

**इनकी रही मौजूदगी**

बैठक में संरक्षक अनिल सिंघानिया, भारत साहू, मानस संघ साजा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सुरेश साहू, सचिव होरीलाल पाल, रामजी साहू, आत्माराम साहू, जानूराम यादव, मनोज सिन्हा, कुमार पाल, हरिश्चंद्र साहू, गणेशुराम साहू, श्रीमती योगिता राजपूत, जानकी साहू, ज्योति साहू, अरुण निषाद, दीपिका पाल, प्रकाश निषाद, महेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में मानस परिवार के सदस्य एवं सनातनी हिंदू भाई उपस्थित रहे। बैठक में सभी ने गौ माता के सम्मान एवं संरक्षण हेतु एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# जिला अस्पताल के 100 बिस्तरीय मातृ व शिशु अस्पताल में प्रीमेच्योर शिशु का सफल उपचार

## जीवनदाई साबित हो रहा एसएनसीयू विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला चिकित्सालय स्थित 100 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु अस्पताल में संचालित एसएनसीयू (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) नवजात शिशुओं के लिए जीवनदायी साबित हो रहा है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. लोकेश साहू के नेतृत्व में संचालित इस इकाई में अब तक लगभग 1500 से अधिक नवजात शिशुओं का सफल उपचार किया जा चुका है।

■ अब तक 1500 से अधिक नवजातों का इलाज

एसएनसीयू में जन्म के तुरंत बाद न रोना या देर से रोना, मीकोनियम एस्पिरेशन, पीलिया, श्वास नली की समस्या, शॉक, मस्तिष्क संबंधी गंभीर तकलीफ, जन्मजात विकृति (कंजेनिटल मालफॉर्मेशन) हाइपरथर्मिया, हाइपोग्लाइसीमिया दौरे आना, ब्लीडिंग, डायरिया और सांस लेने में तकलीफ जैसी गंभीर स्थितियों में नवजातों को भर्ती कर उपचार किया जाता है। विशेष रूप से प्रीमेच्योर (समय से पूर्व जन्म) और कम वजन के बच्चों का उपचार चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे शिशुओं को लंबे समय तक विशेष निगरानी और देखभाल की आवश्यकता पड़ती है। एसएनसीयू में माताओं को मदर यूनिट में रखकर काउंसिलिंग दी जाती है, जिसमें स्तनपान की सही विधि, दूध पिलाने के बाद डकार दिलाने का महत्व, कंगारू मदर केयर (केएमसी) और लक्षित वजन वृद्धि के बारे में विस्तार से समझाया जाता है।



### स्वच्छता पर विशेष ध्यान

सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू ने बताया कि मातृ एवं शिशु अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाओं, प्रसव कक्ष एवं नवजात शिशुओं की देखभाल में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। संक्रमण से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन के अनुसार नियमित साफ-सफाई और निगरानी की जाती है, ताकि जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित रह सकें।

### जिलेवासियों को मिल रही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार अब तक 159 प्रीमेच्योर एवं कम वजन के शिशुओं को भर्ती कर सफल उपचार के बाद डिस्चार्ज किया गया है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक कुमार निराला एवं प्रशिक्षित स्टाफ की टीम द्वारा निरंतर निगरानी और देखभाल की जा रही है। हाल ही में ग्राम डगनिया, ब्लॉक बेरला निवासी वामिनी बारले के नवजात शिशु को मात्र 900 ग्राम वजन के साथ 6 जनवरी को एसएनसीयू में भर्ती किया गया था। लगभग एक माह तक उपचार और विशेष देखभाल के बाद शिशु का वजन बढ़कर 1.530 किलोग्राम हो गया, जिसके बाद उसे स्वस्थ अवस्था में छुट्टी दी गई। वर्तमान में एमसीएच में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतेश चौबे के कार्यभार ग्रहण करने से शिशु रोग उपचार सुविधाओं में और विस्तार हुआ है, जिससे जिलेवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।

# बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 पर हुई जिला स्तरीय कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला पंचायत सभागार में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 एवं किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के संबंध में एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा की गई।

■ ग्राम पंचायत सचिवों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के दायित्वों की दी गई जानकारी

कार्यक्रम में विकासखंड नवागढ़, बेरला एवं बेमेतरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायतों के प्रतिनिधि तथा ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे। कार्यशाला में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री व्योम श्रीवास्तव ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य पत्र की 16 जनवरी 2025 की अधिसूचना के माध्यम से ग्राम पंचायत सचिवों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी घोषित किया गया है।

### जुर्माने अथवा दोनों से मिलेगी सजा

अधिनियम के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह प्रतिबंधित है। यदि कोई व्यक्ति बाल विवाह करता है, करवाता है या उसमें प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से सहयोग करता है, तो उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास या एक लाख रुपये तक के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री द्वारा 10 मार्च 2024 को संकल्प पारित कर 31 मार्च 2029 तक राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु चरणबद्ध तरीके से जनसहयोग एवं जनजागृति अभियान संचालित किया जा रहा है।

### बाल विवाह मुक्त होने संबंधी दिलाई जा रही शपथ

जिले के शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों, धर्मगुरुओं, समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम पंचायतों के माध्यम से बाल विवाह मुक्त होने संबंधी शपथ दिलाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि जिले की 417 ग्राम पंचायतों एवं 8 नगरीय निकायों ने विगत दो वर्षों में एक भी बाल विवाह न होने का प्रस्ताव पारित कर स्वयं को बाल विवाह मुक्त घोषित किया है। कार्यशाला में बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों ने सभी संबंधितों से सजगता एवं सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।




# 8.64 ग्राम हेरोइन के साथ 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वैशाली नगर थाना और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाते हुए 8.640 ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त की है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार 25 फरवरी की रात मुखबिर सूचना पर टीम ने शिव मंदिर के पास, जवाहर नगर शादी भवन के समीप घेराबंदी की। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 8.640 ग्राम हेरोइन, नगद रकम, चार मोबाइल फोन और एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ में नशे की सप्लाई चेन से जुड़े एक अन्य आरोपी का नाम सामने आया, जिसके बाद उसे भी गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी) और 29 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में शेखर राव, उम्र 18 वर्ष, निवासी सुभाष चौक कैंप-1 भिलाई, कुंदन उर्फ कुम्बज वर्मा, उम्र 27 वर्ष, निवासी सुभाष चौक कोऑपरेटिव के पास भिलाई-3, मोहम्मद सोहेल खान, उम्र 28 वर्ष, निवासी संजय नगर आरडीए प्लॉट क्रमांक 242, थाना टिकरापारा रायपुर और हर्ष भट्टी, निवासी शांति नगर भिलाई शामिल हैं।









